मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 26/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --350/2025
26 जनवरी 2025
मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, रांची
==========================
मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन।
==========================
ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर उद्घाटन संस्करण का खिताब अपने नाम किया।
==========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) फाइनल मैच की विजेता टीम ओडिशा वॉरियर्स को पुरस्कार राशि का चेक, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान किया।
===========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का खेल के प्रति प्रेम एवं गहरे लगाव की बानगी आज फिर देखने को मिली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज मरांग गोमके जयपाल सिंह स्ट्रोटर्फ स्टेडियम मोरहाबादी, रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री यहां जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब एवं ओडिशा वॉरियर्स के बीच खेले गए फाइनल मुकाबला का लुत्फ उठाया तथा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर उद्घाटन संस्करण का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन को अपने बीच पाकर

खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्यमंत्री भी गर्मजोशी के साथ खिलाड़ियों को चीयर करते हुए नजर आए।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फाइनल मुकाबला के दौरान मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम एवं आतिशबाजी का हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने आनंद उठाया। महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन संस्करण का शानदार समापन हुआ।

इस अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, अध्यक्ष हॉकी इंडिया डॉ० दिलीप तिर्की, सेक्रेटरी जनरल हॉकी इंडिया श्री भोला नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।
==========================
#Team PRD(CMO)